# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 508 वर्ष 40

राँची, 30 सितम्बर, 2016


## हिन्दी दिवस–सह–पुरस्कार वितरण समारोह

### हिन्दी जन, लोक, संस्कृति, शिक्षा, संस्कार और भारत की राजभाषा है – साहित्यकार विद्याभूषण

विगत 14 सितम्बर को "विचार मंच" में हिन्दी दिवस–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्री विद्याभूषण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री पी.के. तिवारी, सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद उपस्थित थे।

इस अवसर पर माननीय विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय उर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार श्री पीयूष गोयल तथा कोयला सचिव (भारत सरकार) श्री अनिल स्वरूप के संदेश को पढ़कर कर्मियों को सुनाया गया।

मुख्य अतिथि श्री विद्याभूषण ने हिन्दी दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि हिन्दी जन की भाषा है, लोक की भाषा है, संस्कृति की भाषा है, शिक्षा संस्कार की भाषा है और भारतवर्ष की राजभाषा है। उन्होंने आजादी के बाद हिन्दी में उतरोत्तर विकास की विस्तृत जानकारी दी।

समारोह के अध्यक्ष श्री महापात्र ने अपने संबोधन में कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हिन्दी जैसी पूर्ण एवं धनी भाषा, हमारी राजभाषा है। हम



मुख्य अतिथि श्री विद्याभूषण, सीसीएल के निदेशक (का.), निदेशक (तक/संचा.) तथा सीवीओ दीप प्रज्जवलित कर समारोह का उद्घाटन करते हुए

सभी को कार्यालय में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग कर इसकी गरिमा को और बढ़ाना है। निदेशक (तक./संचा.) श्री पी.के. तिवारी ने सभी को हिन्दी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिन्दी को समृद्ध बनाने में सूचना तकनीकी और मीडिया का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद ने कहा कि झारखंड "क" क्षेत्र में आता है इसलिए हमें हिन्दी भाषा का अधिकतम प्रयोग कर इसके विकास के लिए निरंतर अपनी सहभागिता देनी चाहिए।

मुख्य अतिथि तथा निदेशगण एवं सीवीओ ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागीयों को पुरस्कार प्रदान कर हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु प्रेरित किया। मुख्यालय रांची में : प्रथम–सुरक्षा विभाग, द्वितीय–कर्मचारी स्थापना, तृतीय–कल्याण और पिछले दो–तीन वर्षों से हिन्दी के विकास में निरंतर योगदान देने के लिए विशेष पुरस्कार जनसम्पर्क विभाग को दिया गया। क्षेत्र से प्रथम–पिपरवार, द्वितीय–बरका–सयाल, तृतीय–कथारा क्षेत्र को मिला। इसके अलावा हिन्दी माह के उपलक्ष्य में पिछले एक सप्ताह से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 30 विजयी प्रतिभागीयों को जबकि 82 को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

मंच संचालन श्रीमती निवेदिता बनर्जी, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन श्री उदय प्रकाश, महाप्रबंधक (एनईई/राजभाषा) ने किया।

## सीसीएल में सेवा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

विगत 17 सितम्बर को एक भारत, श्रेष्ठ भारत – सेवा दिवस के अवसर पर सीसीएल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर में पौधारोपण

सीसीएल पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है और अपने कार्यक्षेत्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करता रहा है। इसी क्रम में सेवा दिवस के अवसर पर केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर में "पौधारोपण" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक(वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक(तकनीकी/संचालन) श्री पी.के.तिवारी, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक(योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा की उपस्थिति में सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद तथा चिकित्सकों एवं अन्य ने पौधारोपण किया।

### रक्तदान शिविर

अवसर विशेष पर केंन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में "रक्तदान शिविर" का आयोजन किया गया। सी.सी.एल. के सीमएडी, श्री गोपाल सिंह ने



सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह, सी.वी.ओ. एवं अन्य निदेशकगण रक्तदान शिविर में।

फीता काटकर रक्तदान शिविर का उदघाटन किया। गांधीनगर अस्पताल के चिकित्सको, पारा–मेडिकल कर्मियों तथा आम–जन ने शिविर में भाग लिया। निदेशकगण, सीवीओ, चिकित्सकगण इस अवसर पर उपस्थित थे।

### मेगा हेल्थ कैम्प में 674 मरीजों ने ईलाज कराया

सीसीएल के "जन आरोग्य केंद्र" गांधीनगर में 04 सितम्बर को निःशुल्क "मेगा हेल्थ कैम्प" का आयोजन किया गया। इस शिविर में रांची एवं आसपास के आम नागरिको विशेषकर आदिवासी भाईयों एवं बहनों का निःशुल्क चिकित्सीय जांच एवं दवा वितरण किया गया। चिकित्सीय शिविर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र की देख–रेख में संपन्न हुई। इस शिविर में 28 विशेषज्ञों ने रांची और आसपास से आए 674 व्यक्तियों (335 महिला एवं 339 पुरूष) की निःशुल्क चिकित्सीय जांच की। उपरोक्त शिविर में निःशुल्क दवाईयों के साथ–साथ रक्त जॉच, एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड, डायबिटीज जांच की सेवा भी उपलब्ध कराई गई।


मेगा हेल्थ कैंप में सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह मरीजों से मिलते हुए

हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि इस शिविर का मकसद बेहद पाक और इंसानियत से भरा है। जरूरतमंदों की सेवा हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि रांची और आसपास के लोगों विशेषकर आदिवासी एवं गरीब भाईयों एवं बहनों को बुनियादी सुविधाएं जैसे – शिक्षा, स्वास्थ्य आदि देना हमारा कर्तव्य है और यह शिविर सीसीएल द्वारा जनहित कल्याण के लिए चलाए जा रहे अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। चिकित्सा सेवा की इस मुहिम को सीसीएल आगे भी जारी रखेगा। श्री सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार आते हैं और इससे ही देश और समाज विकास के पथ पर अग्रसित होकर हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास एवं कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल के सपनों को साकार करेगा। इस शिविर के सफल आयोजन के लिए श्री सिंह ने रांची और उसके आसपास के गांवों के युवा स्वंयसेवियों, को धन्यवाद दिया।

चिकित्सा शिविर के सफल आयोजन में गाँधीनगर के सीएमएस डॉ. नन्दिता अग्रवाल, डॉ. पी.के. गुप्ता, डॉ. सी.पी. धाम एवं अन्य चिकित्सीय पारा मेडिकल कर्मियों एवं अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

### दिव्यांगों के बीच ट्राईसाईकल का वितरण


दिव्यांगों के साथ माननीय सांसद श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय, महाप्रबंधक ढोरी श्री एम.के. राव एवं श्रम संघ के प्रतिनिधिगण

### विश्वकर्मा पूजा का आयोजन



विगत 17 सितम्बर को मुख्यालय के विभिन्न विभागों सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक(वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक(तक./संचा.) श्री पी.के.तिवारी, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक(यो. एवं परि.) श्री सुबीर चन्द्रा, सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद, महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष भगवान विश्वकर्मा के दर्शन करते हुए।


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)